**<u>मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मैनपुरी।</u>**

जनपद मैनपुरी में जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत (हर घर नल से जल योजना) पाइप पेयजल योजना निर्माण कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 23.04.2026 को सुबह 12:00 बजे आपकी अध्यक्षता में आहूत हुई थी। जिसमें जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्त संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। आहूत की गयी बैठक का कार्यवृत्त दाहिनी ओर द्विपर्ण में संलग्न है। कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

| | | |
|---|---|---|
| जिला समन्वयक,<br>जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई,<br>मैनपुरी। | सहायक अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>मैनपुरी। | अधिशासी अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>मैनपुरी। |

# जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 23.04.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सूरजभान सिंह, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 नरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. इं0 सूर्यकान्त शाहू, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
8. श्री मनोज कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
9. श्री करूणा निधि पाण्डेय, विद्या बाल कल्यान सेवा सदन आलीपुर खेडा, मैनपुरी।
10. इं0 श्रीनिवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

**योजनाओं की प्रगति:–**

| क्र0सं0 | कम्पोनेन्ट कार्य का वितरण | लक्ष्य | गत माह समीक्षा बैठक की प्रगति | गत माह समीक्षा वर्तमान तक की प्रगति | कुल प्रगति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) | 259933 | 253628 | 254363 | 735 | 5570 |
| 2 | बाउण्ड्रीवाल | 488 | 458 | 458 | 0 | 30 |
| 3 | वितरण प्रणाली | 5928 | 5195 | 5195 | 0 | 733 |
| 4 | अवर जलाशय | 478 | 167 | 168 | 1 | 310 |
| 5 | पम्प हाउस | 541 | 447 | 447 | 0 | 94 |
| 6 | पम्प इंस्टालेशन | 541 | 532 | 532 | 0 | 9 |
| 7 | सोलर पैनल इंस्टालेशन | 471 | 433 | 433 | 0 | 38 |
| 8 | ई0वी0 कनेक्शन | 70 | 40 | 49 | 9 | 21 |
| 9 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 783 | 134 | 134 | 0 | 649 |
| 10 | पूर्ण योजनायें | 418 | 55 | 68 | 13 | 350 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा गत माह समीक्षा बैठक से वर्तमान तक निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बहुत कम है, अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया, कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 के पास मशीनरी/मैनपावर का अभाव होने के कारण प्रगति प्राप्त नही की जा सकी। संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कराते हुए आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे।

**हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति:–** अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि 783 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष मात्र 134 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। संयुक्त महाप्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 निर्देशित किया गया कि अवशेष राजस्व ग्रामों में पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कर जलापूर्ति कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे समस्त सहायक अभियंता, टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 अनुश्रवण और निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

**पूर्ण योजनाओं की स्थिति:–** अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 418 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 68 नग पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यपूर्ण वाली 60 नग पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों पर पर्याप्त मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कराते हुए समस्त कार्यों को शतप्रतिशत पूर्ण कराकर हस्तान्तरित कराना सुनिश्चित करेंगे एवं समस्त सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि कार्य पूर्ण वाली योजनाओं को वास्तुस्थिति से खण्डविकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान इत्यादि को समय समय पर अवगत कराते हुए योजनाओं के हैण्डओवर में सहयोग प्राप्त करें। <u>अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि मै0एन0सी0सी लि0 को जल जीवन मिशन के कार्यो मे धीमी प्रगति होने के कारण चेतावनी पत्र निर्गत करायें।</u>

**सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगति:–** अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि 783 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़कों के सापेक्ष 410 नग राजस्व ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करा दिया गया है। शेष सड़कों की पुर्नस्थापना शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं।

मशीनरी/मैनपावर:-डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि गत समीक्षा बैठक में संयुक्त महाप्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा वर्तमान में
कार्यस्थल पर मात्र 173 मैनपावर उपलब्ध है तत्क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया
गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी/मैटेरियल आदि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यदायी संस्था मै0
एन0सी0सी0 लि0 के महाप्रबन्धक ने एक सप्ताह के अन्दर 400 मैनपावर बढ़ाने का आश्वासन दिया। तद्नुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त सहायक अभियंता,
जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनाओं पर कार्यरत मैनपावर का स्थलीय सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही
सुनिश्चित करेंगे, जिससे योजना के समस्त कार्यो को ससमय पूर्ण कर अपर जलाशय से नियमित पेयजल आपूर्ति, हर घर जल प्रमाणीकरण एवं योजना
हस्तान्तरण की प्रगति को बढ़ाया जा सके।

डी0पी0एम0यू0:-अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिस्ट्रिक कोर्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि आंवटित कार्यो को समयबद्ध रुप से पूर्ण करेंगे, एवं समस्त सूचनाओं को
डायरीबद्ध करते हुए पूर्ण विवरण अपने पास संरक्षित रखेंगे, तथा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत होने वाली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

टी0पी0आई0:-अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत
90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण वाली 60 नग पेयजल योजनाओं का सतत निरीक्षण करते हुए कार्य की स्थिति से अधिशासी अभियंता को अवगत करायें
जिससे शेष योजनाओं के समस्त कार्य ससमय पूर्ण कराये जा सकें एवं योजनाओं को हैण्डओवर किया जा सकें।

समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अनुमोदित

Digitally signed by
NEHA BANDHU
Date: 11-05-2026
15:36:41

(नेहा बन्धु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।

पत्रांक- 1351 / जलजीवनमिशन / 287 दिनांक- 11-5-2026

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
5. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
7. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
8. विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
9. संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

अधिशासी अभियंता